तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

14 छात्रों के सर्वांगीण विकास में पालक और शिक्षकों का



13 भाजपा चलायेगी घर-घर तिरंगा हर-घर ...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की मासिक बैठक 12 को

**बालोद।** व्यापक औषधि मनःप्रभावी पदार्थों का अनाधिकृत व्यवसायियों का व्यापक और प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति एनसीओआरडी की मासिक बैठक 12 अगस्त को सुबह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के एनआईसी कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को एनसीओआरडी की जानकारी सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पटेल संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक 12 को

**बालोद।** ग्राम पटेल संघ बालोद की जिला कार्यकारिणी की बैठक 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे मां बंजारी धाम जुंगेरा में रखी गई है। इसमें कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति की अपील की गई है।

### तीज मिलन के लिए जिला देवांगन समाज की बैठक 12 को

**बालोद।** जिला देवांगन समाज बालोद द्वारा तीज मिलन हेतु अतिथि एवं रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक का आयोजन 12 अगस्त को दोपहर 2 बजे मां परमेश्वरी ब्लाक देवांगन समाज भवन आमापारा बालोद में रखी गई है। बैठक में जिला देवांगन समाज बालोद का कार्यकारिणी द्वारा तीज मिलन समारोह के लिए अतिथि तय करने पर चर्चा, तीज मिलन का रूपरेखा पर चर्चा, तीज मिलन पर प्रभार आबंटन, अन्य चर्चा की जाएगी। इसमें जिला देवांगन समाज के पदाधिकारी, संरक्षक, सलाहकार, कार्यकारिणी, युवा एवं महिला प्रकोष्ठ एवं ब्लाक के पदाधिकारि एवं महिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### सशिमं में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में रक्षाबंधन का त्योहार हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के बहनों ने सभी भैया की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर सभी की उज्वल भविष्य एवं मंगलमय जीवन की कामना किया। भैया लोगों ने बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने सभी भैया बहनों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं प्रदान किया।वरिष्ठ आचार्य सूखीत राम कलीहारी ने रक्षाबंधन त्यौहार का पौराणिक महत्व बताते हुए माता लक्ष्मी, भगवान वामन, श्री कृष्ण व द्रौपदी, रुखसाना, राजा पोरस एवं चित्तौड़ की महारानी कर्णावती व हुमायूं की प्रेरक प्रसंग को वर्तमान समय के लिए समसामयिक कहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के दीदियों द्वारा आचार्य को राखी बांधकर मुंह मीठा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कामता प्रसाद साहू, सूखीत राम कलिहारी, दीदी चितेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, छबीलता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर एवं बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास शराब बिक्री करने वाले को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके कब्जे से 566 पौवा देशी मदिरा जब्त की गई। गुरुवार की सुबह 9 बजे मुखबिर की खबर पर वीरेन्द्र सिंह निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी विरेन्द्र सिंह के कब्जे से घर में छिपा कर रखी 391 नग शोले देशी मसाला, 1 प्लास्टिक बोरी में 98 नग शोले देशी प्लेन, थैला में 77 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 566 पौवा मदिरा जब्त की गई।

# रक्षाबंधन पर शहर में बढ़ी चहल-पहल, मिठाई दुकानों में भीड़

## भाइयों को राखी बांधने सजधज कर निकली बहनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पर्व से एक दिन पूर्व ही शुक्रवार को दल्ली राजहरा शहर की बाजारों में रक्षाबंधन की तैयारियों का उत्साह चरम पर देखा गया। शहर के प्रमुख गुप्ता चौक, शास्त्रीबाजार, न्यूमार्केट, बस स्टैंड चौक, पुराना बाजार, चौक-चौराहों, राखी और मिठाइयों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। विशेषकर रक्षा सूत्र राखी की खरीदारी को लेकर बहनों की लंबी कतारें मिठाइयों की दुकानों और गिफ्ट शॉप्स के बाहर देखी गईं। रंग-बिरंगी राखियों से बाजार सजे हुए हैं। कहीं कुमकुम, अक्षत और दीप सजाए गए हैं तो कहीं भाई के लंबे जीवन की कामना करती बहनें पूजा की थालियां लेकर सज-धज कर निकलती नज़र आईं। इस पावन पर्व पर बहनों ने न केवल राखी बांधने की तैयारी की, बल्कि मिठाई, कपड़े और उपहारों की खरीदारी में भी उत्साह दिखाया। मिठाइयों की दुकानों पर खासतौर से बेसन लड्डू, रसमलाई, काजू कतली और चॉकलेट बर्फी की मांग सबसे अधिक रही। व्यापारियों के अनुसार इस बार बाजार में रौनक उम्मीद से अधिक रही और रक्षाबंधन ने व्यापार को नई ऊर्जा दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी की आंखों में उत्सव की चमक साफ झलक रही थी। बहनों ने कहा कि भाई की कलाई पर राखी बांधते समय जो सुख मिलता है, वह दुनिया की किसी भी चीज़ से बड़ा होता है। यह सिर्फ एक धागा नहीं, भावनाओं का मजबूत बंधन है।



### पेड़ को राखी बांधी

इस अवसर पर स्थानीय स्कूलों और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा रक्षाबंधन पर एक पेड़ को राखी, सीमावर्ती सैनिकों को राखी भेजने जैसे अभियान भी चलाए गए, जिससे यह पर्व केवल रिश्तों तक नहीं, बल्कि समाज और देश सेवा के संकल्प से भी जुड़ा। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्यौहार नहीं, यह है रिश्तों में विश्वास, समर्पण और स्नेह की अभिव्यक्ति है। दल्ली राजहरा में मनाया जा रहा यह पर्व आज एक बार फिर बता रहा है कि भारतीय संस्कृति में भावनाएं, परंपराएं और रिश्तों का सम्मान सर्वोपरि है।

## लापरवाही

**ठेकेदार की लापरवाही विभाग को अब तक नहीं मालूम, ग्रामीणों ने कहा ठेकेदार ने सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया**

# तीन साल में नहीं बन सकी एक करोड़ की पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम पंचायत धनगांव में 3 साल से नल जल योजन के तहत पानी टंकी निर्माण का काम चल रहा है। शासन के आदेशानुसार कोई भी निर्माण होने के पहले सूचना बोर्ड लगाया जाना चाहिए है, जिससे निर्माण कार्य की जानकारी गांव वाले मिल सके, लेकिन तीन साल बाद भी विभाग यहां सूचना बोर्ड नहीं लगा पाया।

पानी टंकी की स्वीकृति 1 करोड़ 13 लाख 94 हजार की है, जिसमें बाउंड्री वॉल गलियों में पाइपलाइन बिछाना अन्य कार्य है। यह कार्य पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना अंतर्गत बनाया जा रहा था, जो ठेकेदारी प्रथा से चल रहा है। योजना के तहत निर्माण कार्य धीमी गति से चलने और पीएचई अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को गर्मी एवं बरसात में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।



### मैं जाकर चेक करूंगा

आप के माध्यम जानकारी मिली है। मैं स्वयं जा कर देखता हूं।

विशाल नेताम, एसडीओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, गुण्डरदेही

### पेमेंट नहीं मिला है

पीएचई विभाग से पेमेंट नहीं मिल रहा है। इस वजह से कार्य अधूरा है।

**- दीपक चोपड़ा,** ठेकादार, बालोद

### निर्माणाधीन टंकी में बांस और सेंट्रिंग प्लेट हैं लटकी

आज भी निर्माणाधीन टंकी में बांस और सेंट्रिंग प्लेट लटका हुआ है। विभाग की लापरवाही के कारण अधूरा निर्माण कभी भी दुर्घटना ग्रस्त हो सकता है। इसके आस–पास स्कूल और आंगनबाड़ी ग्राम पंचायत भवन, जिस पर खतरा बना हुआ है। बता दें कि, पीएचई विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था, जो ठेकेदार के लापरवाही से अब तक पूरा नहीं हुआ है। पिछले पांच वर्ष से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। अब गर्मी बरसात के दिनों में ग्रामीणों के लिए दोहरी समस्या उत्पन्न हो गई है पूर्व सरपंच उत्तम निषाद ने कहा मेरे रहते पानी टंकी निर्माण कार्य शुरु किया गया था, जो दो साल ज्यादा हो गया, अभी भी कार्य पूर्ण नहीं किया। विभाग को अवगत करा चुका हूं।

# वाट्सअप में आया शादी का कार्ड, क्लिक करते ही एक लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अनजान नंबर से दोपहर को वाट्सअप में शादी कार्ड आने पर उसे खोलते ही व्यक्ति के खाते से 1 लाख निकाल लिए गए। जिससे व्यक्ति सायबर ठगी का शिकार हो गया और अनजान लिंक के कारण अपना 1 लाख खो बैठा। मिली जानकारी के अनुसार शहर के आमापारा निवासी को दोपहर 2 बजे उनके मोबाइल के वाट्सअप पर एक लिंक प्राप्त हुआ, जिसमें शादी का कार्ड डाउनलोड करने को कहा गया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक को खोला, उनका मोबाइल हैंग हो गया और कुछ ही देर में उनके खाते से 10–10 हजार की किश्तों में कुल 1 लाख रुपये निकाल लिए गए। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें समझने का मौका भी नहीं मिला।

- शहर का आमापारा निवासी हुआ इस घटना का शिकार, थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

इस घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत बैंक खाता बंद कराया और साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि ठगों ने न केवल शिवकुमार का फोन हैक किया, बल्कि उनके कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद अन्य लोगों को भी वहीं फर्जी शादी कार्ड लिंक भेजा, जिससे और लोग भी इस जाल में फंस सकते थे।

बालोद जिले में ऐसी ठगी की यह अकेली घटना नहीं है। साइबर सेल को जानकारी मिली है कि ऐसे ही मामलों में 3 से 4 अन्य लोग भी शिकार हुए हैं। सभी मामलों में शादी कार्ड के नाम पर भेजे गए लिंक से मोबाइल को हैक करना और बैंक खाता खाली करने की एक जैसी तरकीब अपनाई गई। पुलिस और साइबर सेल ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान लिंक, शादी निमंत्रण कार्ड जैसी डिजिटल फाइल को बिना पुष्टि के न खोलें। यदि ऐसा कोई संदिग्ध लिंक मिले, तो सबसे पहले भेजने वाले से पुष्टि करें या सीधे साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

# तालाब में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने वाली महिला का शव तालाब में मिला, इसके बाद महिला के शव को पुलिस पंचनामा तैयार कर जांच जुटी है। समझा जा रहा है कि महिला तालाब में नहाने के दौरान पैर फिसलने के कारण पानी में डूबी होगी। मामले में जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार बालोद शहर के रिठिया तालाब में एक बुजुर्ग महिला की लाश मिली।

तालाब में नहाने गए लोगों ने महिला की लाश पानी में देखी, इसकी जानकारी पुलिस को दी, मृत महिला की पहचान जवाहरपारा निवासी 60 वर्षीय गीता सारथी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही बालोद पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल के मॉर्च्यूरी भेज पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला भीख मांगकर जीवनयापन करती थी और अक्सर तालाब में नहाने जाया करती थी। आशंका जताई जा रही है कि बुधवार देर रात वह नहाने के लिए तालाब गई होगी, तभी पैर फिसलने से पानी में डूब जाने पर मौत होना माना जा रहा है।

# रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों को भेंट करें हेलमेट

## यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राखी रक्षासूत्र के साथ पहने हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीटबेल्ट लगाए। रक्षाबंधन पर बहने एक नई पहल करें, राखी के साथ अपने भाई को हेलमेट भेंट करें। बालोद पुलिस ने आमजन से आग्रह करते हुए यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित घर पहुंचे अभियान चलाया।

जिला पुलिस ने रक्षाबंधन पर्व पर अप्रिय दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं दुरुस्त ट्रैफिक व्यवस्था के साथ समस्त नागरिकों से विशेष अपील की कि सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करें, जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहे।

रक्षाबंधन, भाई–बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का पावन पर्व है। यह पर्व जहां एक ओर भाई अपनी बहन को हर संकट से बचाने का वचन देता है, वहीं बहन भी उसकी लंबी उम्र और कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है, किन्तु आज के युग में केवल वचन ही नहीं, व्यवहारिक सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। सड़कों पर बढ़ते हादसों में अधिकांश युवा अपनी जान केवल इसलिए गंवा देते हैं क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहनते।



राखी के साथ अपने भाई को हेलमेट भेंट करें। यह केवल एक उपहार नहीं, बल्कि उसके जीवन की रक्षा का संकल्प होगा। बंधन की डोर, सुरक्षा की ओर यह केवल एक नारा नहीं, एक संदेश है कि अब रक्षा का अर्थ केवल भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक भी होना चाहिए। यातायात एवं सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। स्वयं की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, दुर्घटना के समय यह जीवन रक्षक सिद्ध होती है। मोबाइल फोन का प्रयोग ड्राइविंग के दौरान न करें। ध्यान भंग होने से हादसे की संभावना बढ़ जाती है। गति सीमा का पालन करें। तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। यातायात संकेतों एवं पुलिस के निर्देशों का पालन करें। सड़क पार करते समय सावधानी बरतें खासकर बच्चे और बुजुर्ग। नशे की हालत में वाहन न चलाएं यह न केवल आपके जीवन को बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालता है।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**बालोद।** देर रात ट्रेन से टकराकर युवक की जान चली गई, जिसकी जानकारी होते ही आस पास के लोगों द्वारा युवक को तत्काल इलाज उपलब्ध कराने की कोशिश की, लेकिन ट्रेन की टक्टर से युवक को गंभीर चोटे आने से युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम कसही निवासी मुकेश साहू 19 वर्ष देर शाम घर से कही जाने के लिए निकला था। इस दौरान वह रास्ते में अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक के ट्रेन से टकराने की जानकारी मिलते ही आस पास के लोगो द्वारा पुलिस के साथ 108 को इसकी जानकारी दी, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद 108 की सहायता से युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी।

## नर्सिंग होम एक्ट के अनुसार हर 10 बेड पर एक एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति है अनिवार्य

# निजी अस्पतालों में एमबीबीएस की जगह बीएएमएस डॉक्टर, मरीजों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर सहित क्षेत्र में नर्सिंग एक्ट के अंतर्गत अधिकांश अस्पताल नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। सभी अस्पतालों में नियम का उल्लंघन किया जा रहा है। उल्लंघन के चलते और अस्पताल की मनमानी के कारण मरीज को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

ऊंची दुकान, फीका पकवान वाली कहावत दल्लीराजहरा शहर के अस्पतालों में है। सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। दल्लीराजहरा शहर सहित जिले के कई निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर लापरवाही चल रही है। नर्सिंग होम एक्ट की सरेआम अनदेखी करते हुए एमबीबीएस डॉक्टर की अनिवार्य नियुक्ति की जगह बीएएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से अस्पतालों का संचालन कराया जा रहा है। ये सब केवल खर्च बचाने के नाम पर किया जा रहा है, लेकिन इसकी कीमत मरीजों को अपनी जान से चुकानी पड़ सकती है।





नर्सिंग होम एक्ट के अनुसार हर 10 बेड पर एक एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति अनिवार्य है, ताकि मरीजों को उचित इलाज और आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा मिल सके, लेकिन हकीकत यह है कि जिले के 75 प्रतिशत से अधिक निजी अस्पताल इस कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिन अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके खिलाफ अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं होना भी इस पूरी गड़बड़ी को और बढ़ावा दे रहा है। एलोपैथिक इलाज के नाम पर दूसरी पद्धति के डॉक्टरों से इलाज करवाया जाना सीधे तौर पर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है।

स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी और लचर निगरानी के चलते निजी अस्पतालों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे न केवल नियमों को तोड़ रहे हैं, बल्कि मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि एमबीबीएस डॉक्टरों की तुलना में बीएएमएस डॉक्टरों की सैलरी कम होने के कारण अस्पताल प्रबंधन उन्हें तैनात कर देता है, लेकिन इसका खामियाजा सीधा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

# प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हत्या के आरोपी का पेशी के दौरान कोर्ट परिसर से भाग जाने के मामले में जिला पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए एक प्रधान आरक्षक व तीन आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पेशी ड्यूटी के दौरान लापरवाही और उदासीनता बरतने के आरोप में की है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में प्रधान आरक्षक विकास सिंह और तीन आरक्षक झेमराज ठाकुर, अनंत ठाकुर और यशवंत ठाकुर शामिल हैं। इन सभी को जिला जेल बालोद से बंदियों को कोर्ट लाने–ले जाने की ड्यूटी सौंपी गई थी।

- कोर्ट परिसर से पेशी के दौरान फरार आरोपी मामले में जिला पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई

### फरार बंदी को पकड़ लिया गया

गौरतलब है कि 6 अगस्त को हत्या के आरोप में जेल में बंद प्रवीण कुमार को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। इसी दौरान वह हथकड़ी का लॉक खोलकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे के भीतर ही उसे पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस विभाग में लापरवाही और अनुशासनहीनता के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



### नशीला पदार्थ बेचने व चाकूबाजी करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**दुर्ग।** जिले में अपराध को रोकथाम के लिए पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत अभियान चलाकर कार्रवाई की। चाकूबाजी करने वालों, नशीला पदार्थ बेचने वालों सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियां करने वालों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान सुपेला में 2 सामंत रामटेके, राहुल चौरसिया, दुर्ग में राज सारथी, मोहन नगर में 2 राहुल गाड़ा एवं करण कन्नौजे, उतई में 3 अमित यादव, आकाश सिंह एवं शिवानी गिरी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सुपेला में 3 मनिन्दर सिंह, पूरन चौहान एवं विजय महतो, भिलाई नगर में 3 राजेन्द्र, जयप्रकाश एवं सन्नी जैन के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उतई में 2 भोजा बाई एवं अजय कुमार को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। चाकूबाजी करने वालों एवं नशीला पदार्थ बेचने वालों में सुपेला में 10, भिलाई नगर में 6, मोहन नगर में 8, दुर्ग में 2, छावनी में 4, जामुल में 2, उतई में 6, पाटन में 4 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### राजेश को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक संगीतकार स्व. खुमान लाल



साव की स्मृति में राष्ट्रीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन इंटरग्रेटेड ग्लोबल विश्वविद्यालय दिल्ली में किया गया। प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान भिलाई के प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उनके समाज सेवा के लिए मिला है। डॉ. पाण्डेय पिछले 25 साल से श्रवण दिव्यांग बच्चों को उच्च शिक्षण प्रदान करने अपनी अहम भूमि निभा रहे हैं ।

### आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति नहीं लगेंगी मटन-मुर्गा दुकानें

**दुर्ग।** शहर के सभी 60 वार्डों में आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति लगने वाली मटन-मुर्गा की दुकानों में कार्रवाई होगी। शिकायत मिलते ही निगम अमला एक्शन में आ जाएगा। मेयर अल्का बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम ने यह कवायद शुरू की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब नए मटन-मुर्गा दुकानों को आवासीय क्षेत्रों में अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जो दुकानें पहले से बिना अनुमति चल रही हैं, उन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि इन दुकानों से निकलने वाली दुर्गंध, गंदगी और कचरा न केवल वातावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर पर रहवासी क्षेत्रों में इसका सीधा असर वहां रहने वाले परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ता है। शहर के आबादी क्षेत्रों मे जाकर निरीक्षण करें.कि स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### दुपहिया चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** भिलाई नगर पुलिस ने चोरी के वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को सिविक सेंटर भिलाई से घेराबंदी करके पकड़ा। आरोपी के पास से दो दोपहिया वाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिविक सेन्टर भिलाई में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी को घेराबंदी करके पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम कुलेशवर साहू उर्फ नागु पिता अभय राम साहू उम्र 19 साल साकिन शक्तिपारा धनोरा बताया। आरोपी ने 3 माह पहले ग्लोब चौक सेक्टर 06 से स्कूटी चोरी की थी।

**अभियान :** कार्यशाला में कार्यक्रम को सफल बनाने प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# मंडल स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान कल से







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम हेतु कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के पदाधिकारियों को एवं जिले भर के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम हेतु बनाए गए प्रभारीयों को प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ हुआ जो लगातार चल रहा है। इसी तारतम्य में जिला में कार्यशाला आयोजित है, आगामी दिनों में मंडल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला करनी है।

चेमन देशमुख ने कहा हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्र में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि इस अभियान में युवा और महिलाओं को जागृत किया जा सके। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए हम सभी लगातार मेहनत करेंगे। कार्यक्रम में पूरे बालोद जिला में घरों में तिरंगा लगाने के लक्ष्य को सबकी सहभागिता से पूरा करना है। हर घर तिरंगा अभियान में प्रभावी व्यक्तियों को जोड़कर उनका सम्मान भी किया जाएगा। गुलामी से समाज में जो कुरीतियां और विकृतियां व्याप्त हुई हैं, उन्हें दूर करना है और देश को गौरवान्वित करना है। तिरंगा अभियान के माध्यम से हम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव से ही हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो चुकी है, यह कार्यक्रम पिछले 4 वर्षों से निरंतर चल रहा है। प्रत्येक बूथ पर योजना बनाकर तिरंगा फहराना है। इसके साथ ही जन जागरण के कार्यक्रम भी रखे जाएंगे, जिनमें विभिन्न समाज के लोगों को शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन हर घर तिरंगा अभियान जिला सदस्य जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के सदस्य जिला उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकार ने आभार व्यक्त किया।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार रहेगी

हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के लिए जिला स्तर पर योजना बैठक 8 अगस्त को होगी। मण्डल स्तर की योजना बैठक 9 और 10 अगस्त को आयोजित की जाएगी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों एवं बलिदानियों के साथ उनके परिवार का सम्मान, घर जाकर किया जाएगा। 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मण्डल में तिरंगा यात्र का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होगी। सभी समाज के सदस्यों की अधिक–से–अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर पाटऍं कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा। अभियान के दौरान 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जगहों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रत्येक मण्डल में युद्धवीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों/पुलिस कर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस, उपयुक्त बैनर व प्लेकार्ड्स के साथ हॉल मीटिंग्स, विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, लेख राम साहू, अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, ठाकुर रामचंद्राकार, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, पवन सोनबरसा, कांति सोनेश्वरी, जिला मंत्री प्रेम साहू, चंद्र लता साहू, पूजा मोंटी यादव, निशा योगी, हरीश कटझरे, मनीष झा, जितेन्द्र साहू, विनोद जैन, कमल पनपालिया, अमित चोपड़ा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, आनंद शर्मा, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, रुपेश नायक, योगेंद्र सिन्हा ,रामेश्वर साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान जिले में शुरू





**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय आमापारा बालोद में स्वच्छता संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरीया, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जनपद सदस्य प्रभा नायक, भुनेश्वरी चन्द्राकर, भगवती उईके, ममता साहू, पार्षद गिरजेश गुप्ता एवं हरिश कटक्षरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान बालोद जिले में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिलेभर में देशभक्ति, जनचेतना और सामूहिक सहभागिता की मिसाल देखने को मिल रही है।

■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय में स्वच्छता संबंधी गतिविधि का आयोजन

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में 8 से 15 अगस्त तक हर गांव, हर वार्ड और प्रत्येक स्कूल में विविध कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत तिरंगा रैलियाँ, प्रेरक भाषण, स्वच्छता श्रमदान, सामूहिक संकल्प और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली, निबंध, प्रश्नोत्तरी, प्रेरक पत्र लेखन, तिरंगा राखी निर्माण और तिरंगा इतिहास पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गांव–गांव और मोहल्लों में सामूहिक श्रमदान से साफ–सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा जनसहभागिता से सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और तिरंगा सज्जा से सुसज्जित किया जाएगा। विद्यालयों में तिरंगे के महत्व और मूल्यों पर आधारित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिससे नई पीढी में देशभक्ति की भावना और जिम्मेदारी की समझ विकसित हो।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस महाअभियान से जुड़े और अपने घरों में तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान और स्वच्छता के प्रति संकल्प को दर्शाए। यह अभियान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देने और कर्तव्यों को निभाने का सुनहरा अवसर है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बालोद एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

## पीएम श्रीसेजस की छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पीएम श्री सेजस अर्जुन्दा के विद्यार्थियों ने थाना अर्जुन्दा पहुंचकर वहां पदस्थ पुलिस अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी। छात्राओं ने स्वयं अपने हाथों से सुंदर राखियां बनाईं और भावपूर्वक रूप से पुलिस कर्मियों की कलाई पर बांधकर उनके सेवा, सुरक्षा और समर्पण भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

ज्ञातव्य है कि सुरक्षा कारणों से पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रायः त्योहारों के अवसर पर भी ड्यूटी पर रहते हैं। चाहे दिन हो या रात, सरकारी अवकाश हो या कोई विशेष पर्व वे सदैव पूरी निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में पीएम श्री सेजस के विद्यार्थियों ने अपने आत्मीय व्यवहार से उन्हें अपनेपन की कमी महसूस नहीं होने दी। राखी बांधते हुए बच्चों ने न केवल स्नेह और सम्मान का भाव प्रकट किया, बल्कि उनके कर्तव्यबोध को सलाम भी किया। पुलिस कर्मियों ने भी बच्चों के इस स्नेहपूर्ण और भावनात्मक को हृदय से स्वीकार किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज से मिले इस प्रकार के आत्मीय स्नेह से उन्हें और अधिक ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त होती है। विद्यालय की प्रधान पाठक डालिया घोष एवं शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रसेवा, सामाजिक कर्तव्यबोध, कृतज्ञता और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना है।

■ जवानों ने छात्राओं को दी बधाई और सुरक्षा का दिया भरोसा

यह पहल विद्यार्थियों को समाज के रक्षकों के प्रति सम्मान और जुड़ाव की भावना सिखाती है। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि जो प्रहरी हमारे समाज की रक्षा में निरंतर तत्पर हैं, उन्हें रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर स्नेह और सम्मान देना हमारा परम कर्तव्य है।विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं स्थानीय जनों ने इस मानवीय पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

## शिक्षक संघ व श्री पाटेश्वर संस्कार वाहिनी के सेवकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देश-विदेश में प्रसिद्ध बालयोगेश्वर संत श्री रामबालक दास महात्यागी के जन्मोत्सव पर गौशाला भवन जामड़ी पाटेश्वर आश्रम कौशल्या धाम में छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्री रामबालक दास जी महात्यागी व विश्व विख्यात कथा वाचक साध्वी सरस्वती दीदी ने रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से दिल के सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है।

खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से रक्त लेने की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, इससे जरूरत मंद की मदद हो सकेगी।

रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में प्रमुख रूप से शंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन, जितेंद्र कुमार, रामकुमार, मनीराम चंद्राकर, उमेश कुमार ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, भूपेंद्र ठाकुर, भूषण लाल कोटपरिया, जितेंद्र कुमार कोटपरिया, सुनील कुमार शर्मा, सूरजभान धुर्वे, देवानंद टंडन, हीरेन्द्र, सालिकराम सर्पा, शिव मोहन ठाकुर, शिव प्रसाद कोरेटी, गिरधर लाल सोनवानी, रोशन लाल साहू, पोषण लाल साहू, सुरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र कुमार देवांगन, लीलाधर कोलियारे, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, अनिल कुमार दिल्लीवार, खेमंत कुमार साहू,कुमार संभव देवांगन, संदीप कुमार वैष्णव आदि शामिल हैं।

## जागेश्वर साहू को मील का पत्थर सम्मान से किया गया सम्मानित

**दुर्ग।** मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा द्वारा भोपाल में प्रदेश कार्यकारिणी एवं आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू थे। वे मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम में जागेश्वर साहू को मील के पत्थर सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश अध्यक्ष के रूप में 19 अप्रैल 1997 से 30 अक्टूबर 2000 तक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। साहू ने सभा में कहा कि हमें तेली होने पर गर्व है। हमारे समाज की देवी मां कर्मा के आशीर्वाद से हमारे समाज के पुत्र नरेंद्र मोदी भारत देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। ग्लोवल लीडर के रूप में दुनिया में जाना जाता है। समाज के उत्थान में उनका अहम योगदान है। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने अपील की। समाज के विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही। समाज में आदर्श विवाह को तहसील स्तर तक लेकर जाना है। मृत्यु भोज को समाप्त कर मृत्यु भोज में मीठा बंद करना है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने ली बैठक

# हर बूथ में 50 से ज्यादा तिरंगा फहराने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा स्वतंत्रता दिवस पर मोर तिरंगा मोर अभिमान यात्रा निकालेगी। इसके अलावा हर बूथ में कम से कम 50 राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने विधायक, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रदेश संगठन ने जिस स्तर पर कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार किया गया है, उसे हमे पूरा करना है। इसे लेकर मंडल स्तर पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर भी कार्यक्रम करना है। कार्यक्रम को हम दो तरीके से सफल कर सकते हैं। पहला जन भागीदारी और दूसरा शासन-प्रशासन के सहयोग से। तिरंगा झंडा बूथ स्तर पर लगा सकें हमें इसका प्रयास करना है। यह सब हमें सामूहिक रूप से प्रयास करना है। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू , जिला संयोजक जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे, डॉ. बालमुकुंद देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर 17 मंडल के अध्यक्ष को तिरंगा भेंट किया गया।



**राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने चलाया जा रहा अभियान**

यादव ने कहा कि कम से कम हर बूथ पर 50 जगह पर झंडा लगा सकें, ऐसा प्रयास हम करेंगे। और आप सभी के परस्पर सामंजस तालमेल और मेहनत से अधिक से अधिक हम सभी को लगाना है। यह अभियान लोगों को एक साथ लाने राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने का अवसर होता है।

**सेल्फी लें और माईजीओवी में करें अपलोड**

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से हम सभी मोर तिरंगा मोर अभिमान तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मना रहे हैं। यह कार्यक्रम आम जनमानस भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। आप सभी यह चिंतन अवश्य करें कि तिरंगा सही तरीके से फहराया जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आप तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर माईजीओवी पोर्टल पर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने आग्रह किया है कि कार्यक्रम शक्ति केंद्र स्तर पर भी हो सके। इसलिए शक्ति केंद्र स्तर पर भी ध्वज फहराया जाए।

## गुरूर में स्वच्छता अभियान शुरू





**बालोद।** जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे ने बताया कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के जनपद पंचायत गुरूर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग' थीम पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारी–कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान और स्वच्छता का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### 15 अगस्त को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में जिले में देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश के बिन्दु क्रमांक 22 (22.1) के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले में संचालित समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता को 15 अगस्त को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### जिला किसान संघ की बैठक 11 को

**बालोद।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद की बैठक 11 अगस्त सोमवार को सुबह 11 बजे गंगा मैया प्रांगण झलमला में रखी गई है। इसमें जिला बालोद के सभी किसानों को बैठक में शामिल होने की अपील भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष राम साहू ने की है। बैठक के बाद कलेक्टर को जिला में खाद कि कमी को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग की भर्ती परीक्षा निरस्त

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बालोद अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति हेतु आयोजित समस्त परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बालोद अन्तर्गत विभिन्न रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति हेतु आयोजित समस्त परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। आगामी परीक्षा तिथि निर्धारित होने पर जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर सूचित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यथएँ समय–समय पर जिले के वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

### डीएवी स्कूल के क्लास रूम में गिरा फैन, एक छात्रा हुई घायल

**भिलाई।** भिलाई सेक्टर 2 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां क्लास के दौरान क्लास रूम में लगा सीलिंग फैन अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इससे एक छात्रा उसकी चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई। चौकाने वाली बात यह थी कि स्कूल की प्रिंसिपल ने मामले को दबाने का प्रयास किया और क्लास के सभी स्टूडेंट्स को धमकी दी इस घटना की बाद किसी को नहीं बताना है। भट्टी पुलिस मामले की जांच कर रही है। भट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह सूचना मिली थी कि डीएवी पब्लिक स्कूल के एक क्लासरूम में सीलिंग फैन गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। भट्टी थाना पुलिस भी सूचना मिलते ही वहां पहुंची। पुलिस कर्मियों ने जब स्कूल का गेट खोलने की बात कही तो किसी ने गेट नहीं खोला। इस पर पुलिस कर्मी स्कूल का गेट फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने बड़ी मसक्कत के बाद क्लासरूम का दरवाजा खुलवाया।




**अभियान : आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की पहल**

# भाजपा चलायेगी घर-घर तिरंगा हर-घर तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मोर तिरंगा मोर अभिमान के तारतम्य में भाजपा जामगांव आर मंडल स्तरीय बैठक शुक्रवार को जामगांव आर में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी रोहित साहू थे।

मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि पाक के नापाक इरादों का सबक सिखाने भारत के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जाबाज सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर सफलतम गौरव भारत को दिलाया। इसके बाद पहला स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त सामने है। इस पावन दिवस पर घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा का अभियान प्रत्येक बूथ पर पूर्ण आन बान और शान के साथ होना चाहिए, जिसकी जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता की है। इस तैयारी में अभी से जुट जाए और स्वयं अपने हाथों से घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा लहराए। आपरेशन सिंदूर ने आतंकियों पर प्रहार कर पाक को सबक सिखाया क्षेत्र के नेता निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता से दुखी पाकिस्तान का संबल बढ़ाने वाले भारत में नजर आ जाए।तो सजग रहे संभले। अपने मंसूबे पूर्ण नहीं होने की स्थिति में अनर्गल बयान बाजी करने वालो की कमी नहीं है। ऐसे भ्रमित लोगों से





बचे बचाए और घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान में स्वर्णिम इतिहास लिखने तत्पर हो जाए। नगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, कोमल साहू, उज्वल केला, उपासना साहू, संचालन मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा एवं आभार संयोजक श्रीकांत चंद्राकर ने किया।

मंच पर मंडल सह प्रभारी फ़त्तेलाल वर्मा जिला पंचायत सभापति कल्पना साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय लालेश्वर साहू, धनराज साहू, सोसायटी अध्यक्ष त्रय बेलहारी रूपसिंह सिन्हा, बेनीराम साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू मंचासिन थे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने किए। भानुप्रिया साहू संजू साहू जिनेश जैन, मुकेश साहू, बेनीराम साहू, श्रीकांत चंद्राकर, अंगेश्वर साहू, अरुण चंद्राकार सीताराम साहू ने अतिथियों का स्वागत किए। सुरपा सरपंच चंद्रहास साहू, अकताई सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, अभिषेक सेन, पेमिन साहू की विशेष उपस्थिति रही।

## ब्लॉक में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता महाअभियान जारी

**गुरूर।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता महाअभियान के अवसर पर जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत 8 से 15 अगस्त के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के अध्यक्ष सुनिता संजय साहू की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया, स्वच्छता अभियान में जनपद सदस्यों के साथ पंचायतों व ग्रामीणों की सहभागिता रही।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिटौद एवं मिर्रीटोला में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, दोनों ग्राम पंचायत के स्वच्छता दीदी, स्व-सहायता समुह की दीदीयों एवं ग्रामीण द्वारा सार्वजनिक स्थलों की साफ–सफाई की गई। ग्रामीणों को अपने आस पास के स्थलों को साफ रखने, लोगों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने प्ररित किया गया। इसमें जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू और मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्रामीण को बताया गया कि बारिश का मौसम उल्टी, दस्त, वायरल फीवर जैसे बीमारियों का मौसम होता है, इससे सावधानी






से रहे, ताजा गरम भोजन खाये, बाजार में मिलने वाले जंक फूड से बच्चों और स्वयं से दूरी बनाकर रखे। आस पास स्वच्छता रखें, कहीं भी पानी जमा न होने दे साफ पानी का उपयोग करें। साथ में मोर गांव मोर पानी जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण को बताया गया कि बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को सोक पिट, रिर्चाज पिट बनाकर, गिरते हुए भूजल स्तर को ठीक किया जा सकता है। यह सभी के सामुहिक प्रयास से ही संभव है। इस दौरान अध्यक्ष सुनिता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू सीईओ जनपद गुरूर के साथ अति. सीईओ आरएल. सिरमौर, एनके. बागडें, योगेश देवागन मनरेगा अधिकारी, एडीओ लक्ष्मी ठाकुर, संबंधित तकनीकी सहायक और सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# हायर सेकंडरी के छात्र संघ ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र स्थित किल्लेकोड़ा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह, शिक्षक-पालक मेघा बैठक तथा 15 अगस्त पूर्व तैयारी संबंधी विशेष बैठक का आयोजन सभागार में हुई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य थे। अध्यक्षता हेमलता विश्वकर्मा सरपंच ने किया।

▪ स्कूल में 15 अगस्त की तैयारी के लिए बैठक भी हुई

विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुल्हार्य सदस्य, गैंदलाल तारम पूर्व सरपंच, अजय मुखर्जी प्राचार्य, चंद्रशेखर ताराम उपसरपंच, ललिता गांवरे पूर्व सरपंच वायएस मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता, एनआर शिवना प्रधान पाठक मंगल सिंह गांवरे, अधन सिन्हा, बेला बाई पंच, छगन लाल धनकर, गुलेंद्र कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस



अवसर पर शर्मा और चंद्रमुखी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन व संपादन डॉ बी. एल .साहसी व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर मुखर्जी ने कहा कि छात्र संघ के समस्त पदाधिकारियों को जो विजयी हुए हैं उन्हें मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं तथा आशा करता हूं कि पूरे वर्ष भर अनुशासित रहकर आप लोग कार्य करेंगे। विश्वकर्मा ने कहा कि जितने भी पदाधिकारी जीत कर आए हैं वे सभी अपने गुरुजनों के दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करेंगे और अनुशासित रहेंगे। मुख्य अतिथि तारम ने कहा कि आप सबको सफलता तब मिलेगी जब आप लोग अनुशासित रहकर कड़ी परिश्रम करेंगे। तत्पश्चात उन्होंने चुनाव में विजयी पदाधिकारी को शपथ ग्रहण करवाया और दसवीं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा तथा 12वीं हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक लाने वाले छात्र-छात्राओं को 5000 देने की घोषणा की तथा वीरेंद्र कुलहार्य ने कक्षा दसवीं या तथा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक लाने पर छात्र-छात्राओं को 1000 देने की घोषणा में आभार प्रदर्शन मरकाम ने की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ जिनमे सर्वप्रथम सीजी पटेल व्याख्याता, जे.पी. बांधव व्याख्याता, हेमेंद्र साहू व्याख्याता, घनश्याम पटेल व्याख्याता, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति मैडम, श्रवण यादव क्लर्क, खगेश ठाकुर क्लर्क आदि उपस्थित थे।

# तिरंगा ध्वज के निर्माण से स्व सहायता समूह को दो लाख की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय महिला स्वसहायता समूह भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

▪ हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने निभा रही अहम भूमिका, कलेक्टर ने किया अवलोकन

इसी क्रम में, बालोद जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा का दौरा कर स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगे झण्डे के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने वहां स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगा झंडों के कार्य का अवलोकन कर ध्वज की गुणवत्ता के साथ–साथ स्व सहायता समूह की महिलाओं के इस सराहनीय कार्य की भूरि–भूरि सराहना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम बघमरा में जय कपीलेश्वर महिला स्व सहायता समूह, सरस्वती स्व सहायता समूह, जय अंबे स्व सहायता समूह एवं नव ज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से अब तक तैयार किए गए कुल झंडो की संख्या, बिक्री एवं इससे





होने वाली आमदनी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने उनके इस कार्य की कुल लागत आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए ध्वज के गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। तिरंगे के निर्माण में लगे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि ग्राम बघमरा में 4 स्व सहायता समूहों की 20 महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा बनाने में दिन–रात जुटी हुई हैं। इनके द्वारा अब तक 6,000 से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं, जिन्हें 35 रुपये प्रति झंडे की दर से बेचकर इन्होंने लगभग 2 लाख रुपये की आमदनी अर्जित की है। यह राशि न केवल उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही है। कलेक्टर मिश्रा ने स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा किए जा रहे तिरंगा निर्माण के कार्य को अत्यंत सराहनीय एवं सभी के लिए प्रेरणा स्त्रेत बताया। उन्होंने कहा कि उनका यह कार्य राष्ट्र भक्ति के साथ–साथ स्वालंबन एवं आत्मनिर्भरता से भी जुड़ी हुई है।

# कॉलेज में गुरु-शिष्य परंपरा पर हुआ व्याख्यान

## नेमीचंद जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भारतीय संस्कृति की आधारशिला मानी जाने वाली गुरु-शिष्य परंपरा को केंद्र में रखते हुए नेमीचंद जैन शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरु पूजन एवं व्यास पूजन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरिता स्वामी ने की। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. कमल बोदले ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए बताया कि आधुनिकता की दौड़ में गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा कम हो रही है, जबकि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां गुरुओं के मार्गदर्शन से शिष्यों ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनुग्रहिता जॉन ने कहा कि जीवन में हर वह व्यक्ति जो हमें कुछ सिखाता है, वह गुरु होता है, चाहे वह माता-पिता हों, शिक्षक हों या जीवन अनुभव। उन्होंने पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर ने बताया कि गुरु-शिष्य संबंध केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसा संबंध विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अनुशासन और नवाचार को बढ़ावा देता है। आयोजन में प्राध्यापकगण डॉ. देवदत्त शर्मा, दिनेश माखीजा, ओमेश्वरी मंडावी, मोहन निषाद और महावीर जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विश्व स्तनपान सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर हुई निबंध और ड्राइंग प्रतियोगिता

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर रसमड़ा में विश्व स्तनपान सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत महमरा में किशोरी बालिकाओं में पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर निबंध और ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं रैली निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ नन्द कुमार साहू द्वारा सभी गर्भवती, शिशुवती नई बहू को स्तनपान का महत्व, जन्म के तुरंत बाद स्तनपान, सतत स्तनपान से बच्चे और मां को होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। पर्यवेक्षक शशि रैदास ने सभी शिशु के प्रथम 1000 दिवस में होने वाले शिशु के शारीरिक, मानसिक विकास, वजन में वृद्धि की जानकारी दी। इसमें पोषक तत्वों के महत्व को समझाया गया, 5 प्रकार के खाद्य समूह को भोजन में शामिल करना बताया गया



स्तनपान के सही तरीके, बच्चे के 6 माह पूर्ण होने पर ऊपरी आहार की शुरुआत, उसमें समय के साथ मात्रा, विविधता, परिवार में अच्छा सकारात्मक माहौल का बच्चों पर प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया गया।

सुपोषण चौपाल अंतर्गत दो गर्भवती और दो 6 माह पूर्ण बच्चे का अन्नप्राशन और स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम में महमरा ग्राम की सरपंच नर्मदा ठाकुर पंच लिलेश निषाद, लिलेश्वरी ठाकुर, हनी निषाद कार्यकर्ता, हेमलता निषाद, गिरजा देवांगन, लक्ष्मी सहारे, सहायिका अनीता निषाद, अनूपा, मीना, विद्यालय की एचएम, शिक्षकगण, बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# सावन के अंतिम सोमवार को निकाली कांवड़ यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोडिया में श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन हुआ। पहली बार बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुष व बच्चों ने पारंपरिक पीले वस्त्रों में सजकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए।

सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि यात्रा की शुरुआत पथर्रा नाला पास महादेव घाट मंदिर से पवित्र जल लेकर की गई। इसके बाद यात्रा श्री बाल गणेश शिव मंदिर व रास्ते में पड़ने वाले सभी शिव मंदिर होते हुए भानपुरी नाला पास महादेव घाट शिवालय पहुंची। वहां भोलेनाथ को जल अर्पित कर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का मुख्य आकर्षण महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। उन्होंने पीली साड़ियों में एकजुट होकर भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। भोलेनाथ के नाम एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल/" अभियान के तहत श्रद्धालुओं ने रास्ते में स्थित सभी शिवालयों में भी जलाभिषेक किया। इस अनोखे आयोजन ने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति की गहराई और धार्मिक की भावना को मजबूत किया। यह कार्यक्रम सरपंच खुमान निषाद उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, ग्यनेश्वर साहू ,तिलक साहू, रोहित साहू, लिलेश्वरी पटेल, प्रीतम यादव, अमरीका मंडावी, सोहद्रा साहू, रेखा निषाद मंजू यादव, मनीषा यादव, सरिता निषाद, जीतू साहू और समस्त पंच गण व ग्रामवासी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



## खबर संक्षेप

### बारिश नहीं होने से तापमान 3 डिग्री बढ़ा , उमस बढ़ी

**भिलाई।** बारिश नहीं होने से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा पहुंच गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 8 अगस्त को कहीं कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। लेकिन अच्छी बारिश की उम्मीद अभी नहीं है। 12 अगस्त से ही बारिश फिर से वापस लौट सकती है। जिससे अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है।

### अनुकंपा नियुक्ति मामले में ननि का बाबू किया गया निलंबित

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में में लंबे समय से अनुकंपा नियुक्ति फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है। मामले को लेकर शिकायत भी होती रही है, लेकिन विभागीय जटिल प्रक्रिया और जांच के लेटलतीफी के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ लोक आयोग द्वारा उठाए गए जांच प्रकरण में निगम के सहायक ग्रेड-03 पदस्थ भूपेन्द्र उर्फ शुभम गोईर को अनियमित अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति के मामले में दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही उप संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ द्वारा 23 अगस्त 2023 को जारी निर्देशों के तहत की गई। जिसमें संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के जांच प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्ट रूप से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भूपेन्द्र गोईर को कारण बताओ नोटिस 31 जुलाई 2025 को जारी किया गया था, जिसके जवाब में 6 अगस्त को प्रस्तुत प्रतिवेदन को असंतोषजनक मानते हुए छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के अंतर्गत उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### नव आरक्षक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस के नव आरक्षक सुरेश साहू ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय सुरेश साहू के पिता पुलिस में थे। उनकी मृत्यु के बाद उसे अनुकंपा नियुक्त मिली थी। ट्रेनिंग ना मिलने से उसकी पोस्टिंग पुलिस लाइन में नव आरक्षक के रूप में की गई थी। यहां वो अपनी पत्नी के साथ रहता था। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर सुरेश की पत्नी राखी छोड़ने के लिए गई थी। दोपहर 12 बजे लौटने पर देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है। जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पीछे के दरवाजे से झांककर देखा तो सुरेश फंदे पर झूल रहा था। पत्नी ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी आए। रस्सी को चाकू से काटा और सुरेश को फंदे से नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### मेगा पालक शिक्षक बैठक में छात्रों के कैरियर निर्माण की संभावनाओं पर हुई चर्चा

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में पालक और शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजन में श्रेष्ठ पालकत्व योजना पर चर्चा की गई, जिसके माध्यम से पालकों, शिक्षकों एवं बालको के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास संबंधी भविष्य की कैरियर निर्माण हेतु संभावनाओं से परिचित कराने का प्रयास किया गया। इस आयोजन में शाला के शिक्षकों, छात्र संघ परिषद की उपस्थिति में पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया।

प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों को भी विद्यालय एवं शिक्षकों की अपेक्षाओं के अनुरूप समन्वय स्थापित करना होगा। उन्हें शाला की रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए उचित मार्गदर्शन एवं प्रतिभा का विकास करना होगा, बच्चों को तनाव मुक्त करने के लिए पढ़ाई के प्रति निरंतर प्रेरित करना होगा, उनकी रुचि एवं कौशल को ध्यान में रखते हुए अध्ययन का सकारात्मक माहौल घर में तैयार करना होगा। पालक शिक्षक मेगा बैठक में पालकों को बच्चों से संबंधित अनिवार्य मुद्दों से परिचित कराया गया। जिसमें बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित वातावरण का निर्माण कर स्टडी कॉर्नर अवश्य बनाया जाए। प्रत्येक छात्र को होम शेड्यूल के निर्धारित समय पर पढ़ाई एवं अन्य कार्य करने को प्रेरित किया जाए।

इस अवसर पर छात्रओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं राज गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही आकर्षक छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया। मेरिट में स्थान प्राप्त छात्र योगांत देशमुख एवं डाली साहू ने अपने स्टडी टिप्स से पालकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में व्याख्याता रामेंद्र देवांगन, कुमुदिनी साहू ,शैलेंद्री साहू, आर गोटामे, अर्चना साहू, पुष्पांजलि पांडे, सुषमा तिवारी, हर्षा ठक्कर ने पढ़ाई के प्रति बच्चों की प्रगति एवं शाला गतिविधि संचालन के बारे में पालकों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन हरीश पटेल एवं रुक्मणी ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन आर देशमुख ने किया।

### बगईकोन्हा सिरपुर में हुई पालक शिक्षक मेगा बैठक



**डौंडीलोहारा।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में संयुक्त रुप से पालक शिक्षक मेगा बैठक के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। बैठक में 12 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने पालक शिक्षक बैठक पर प्रकाश डालते हुए घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, जाति आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षक वासुदेव पटेल ने बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार पर शालेय गतिविधियों की जानकारी, पाक्सो एक्ट बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार को संज्ञान में लेकर स्वस्थ संवाद स्थापित करने पर अपने विचार रखे। शिक्षिका निशा साहू द्वारा बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, नवीन पाठ्यक्रम तथा विद्यालय के प्रति छात्रों का उचित व्यवहार आदि बिंदुओं पर चर्चा की। शिक्षक मनीष देशमुख ने मेरा कोना, समय सारिणी, विद्यार्थियों के आयु-कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा एप, ई- जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी इत्यादि के संबंध में जानकारी दी। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख टेमनलाल राणा ने किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक वासुदेव पटेल, निशा साहू, मनीष देशमुख, राजेश नायक, केशर साहू, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती चंपा बाई रावटे, मथुरा बाई, पालकगण टमेन ध्रुवे, अवधराम, संतोष कुमार, चन्दर यादव, पवन, रैमून साहू, परदेशीन बाई, किरण साहू, ललिता बाई, तीजन बाई, सोना बाई, रम्हला बाई, केसर बाई, अंगीता बाई, गेंदाबाई, डामिन पिस्दा, अमृताबाई सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### प्राथमिक स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी



**बालोद/कलंगपुर।** प्राथमिक शाला भरदाखुर्द में रक्षा बंधन पर्व पर नौनिहाल बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। प्राधन पाठक महेन्द्र कुमार साहू ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व उनके पौराणिकता के संबंध में जानकारी दी।

### छात्राओं ने बांधी राखी



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच मुकेश साहू, सचिव नरेश महतो सुनील चंद्राकर, पंच शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर पहुंच छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व का महत्व समझाते हुए छात्रों की कलाई में छात्राओं से राखी बंधवाकर मुंह मीठा कराए। जिसमें किवेश चंद्राकर की सक्रिय भूमिका रही।

### आनंद पब्लिक स्कूल में हुई राखी, फ्लैग मेकिंग स्पर्धा



**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग एवं फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक स्तर पर कक्षा से तीसरी तक फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता में किवांशी वर्मा प्रथम, दिव्यांशी ठाकुर द्वितीय, लाल दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से पांचवी तक अलमस कन्नौजे प्रथम, पृषा द्वितीय व धैर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिडिल स्तर पर राखी मेकिंग में डालेश प्रथम, छवि द्वितीय, साक्षी सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवमीं से 12वीं तक में प्राची संचेती प्रथम, अमीना द्वितीय, दिशा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों को शाला परिवार की ओर से बधाई प्रेषित किया गया। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद पूर्व अध्यक्ष, रवि जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू, वी के साहू उपस्थित थे।

### पर्यावरण के लिए छात्राओं ने पेड़ को बाधी राखी

**डौंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। विद्यालय के छात्राओं और शिक्षिकाओं द्वारा पेड़ की पूजा अर्चना कर राखी बांधकर पर्यावरण के साथ एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन दिया। साथ ही विद्यालय के नन्ही व बड़ी बालिकाओं ने भाइयों की पूजा करके रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा करा कर भाईयों से रक्षा का वचन और आशीष लिया। संस्था प्रमुख यादव ने रक्षाबंधन की प्राकृतिक और धार्मिक पौराणिक महत्व के बारे में बच्चों को बताकर सभी को इस पर्व की बधाई दी गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एसआर यादव, एचके लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, रानू, तोमिन, सुश्री कविता, निधी, टेशवरी, निशा, शालिनी, दिनेश्वरी, कविता, मधु, निगम उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में 25 टीबी मरीजों को बांटा गया पोषण आहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाने प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में निक्को माइंस, गिधाली द्वारा बालोद जिले के उपचाररत 25 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीज हेतु निक्षय मित्र बनाकर टीबी मरीजों को गोद लिया जाता हैं व पोषण आहार सामग्री न्यूनतम 6 माह हेतु प्रदान कर सहायता किया जाता हैं, पोषण आहार की टोकरी में सामान्यतः प्रोटीन आहार प्रदान किया जाता हैं, जिसमें दाले, सोयाबीन बड़ी, तेल, गुड, दलिया, चना, अंडा इत्यादि दिया जाता है कोई भी आम नागरिक निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को अपनी स्वेछानुसार पोषण आहार प्रदान कर सकता है, ताकि टीबी मुक्त भारत बनाने हेतु पहल की जा सके। बालोद जिले में अब तक कुल 709 निक्षय मित्र द्वारा फूड बास्केट का वितरण किया जा चुका है।

उक्त पोषण आहार वितरण कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा में आयोजित किया गया, जहां हितग्राहियों की काउंसलिंग किया गया व बचाव तथा नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रभारी 100 बिस्तर अस्पताल कोण्डेकसा व टीबी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पी.एल.मेरिया, डॉ. निधि राम, प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा डॉ. सरिता पटेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा राजेंद्र कुमार देवांगन, कौशल राम देवांगन निक्को माइंस एवं जिला पीपीएम समन्वयक सायरा खान, ब्लॉक टीबी सुपरवाइजर मानेश कुमार निर्मलकर एवं सेक्टर सुपरवाइजर रेखु राम साहू लैब टेक्नीशियन, चमेली भूआर्य, टीबी मितान भूपेंद्र ठाकुर और वालंटियर शिवराम रनघाटी एवं सभी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कॉलेज में व्यास पूजन एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में व्यास पूजन एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भूआर्य के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. रोशन आरा उपस्थित रही। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यार्थी पूजा ठाकुर और चेतना कवर ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन व रचनाओं पर विचार साझा किए। मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों ने महाकवि वेदव्यास व तुलसीदास के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया गया तथा समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



## राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पहुंचे बालोद, गुरुद्वारे में मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कार्यकर्ताओं से हुए रुबरु, मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों से किया संवाद



छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का बालोद में आगमन हुआ। उनके द्वारा भाजपा के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से जिला भाजपा कार्यालय एवं रेस्ट हाउस में चर्चा की गई। उनके साथ रायपुर से सुब्रत चाकी भी पहुंचे थे।

कार्यक्रम के दौरान छाबड़ा पाटेश्वर धाम पहुंचकर दर्शन किए, तत्पश्चात बालोद गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका एवं सिख समाज से भेंट की। उन्होंने बालोद महावीर भवन में जैन श्री संघ के सदस्यों से मुलाकात की और बालोद रेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा अल्पसंख्यक समुदाय में सिख एवं जैन समुदाय अल्प में से भी अल्प है। वैसे तो दोनों समुदाय समृद्ध माने जाते हैं, लेकिन उनमें भी कुछ अत्यंत कमजोर है। अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के साथ सिख एवं जैन समाज के कमजोर वर्ग को भी राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाने एवं आयोग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्हें आयोग की योजनाओं की जानकारी देकर सरकार की योजनाओं से जोड़ सकते हैं।

उन्होंने बताया जैन समाज में साधु संतों द्वारा विहार किया जाता है। इस दौरान कई दुर्घटनाएं पूर्व में हो चुकी है। इसे देखते हुए मैने मुख्य सचिव से चर्चा कर उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने का आग्रह किया था जिसे स्वीकारते हुए विहार के दौरान उन्हें सड़कों में सुरक्षा उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश जारी हो चुका है। हमने जैन समाज से कहा है कि जब भी उनके क्षेत्रे से संत विहार के लिए निकले तो उसकी सूचना क्षेत्र के थाने में जरूर दे जिससे प्रशासन उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सके। अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि हम आयोग के निष्क्रिय पड़े वेबसाईट को पुनः सक्रिय कर रहे है, इस वेबसाई में आयोग के कार्यों, केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी रहेगी। हमारा प्रयास है कि पात्र हितग्राही इस वेबसाईट में ही आवेदन कर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ रहा है। समस्त दस्तावेज होने पर तुरंत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र अल्पसंख्यक शासन की किसी भी योजना से वंचित न रहे एवं आयोग अल्पसंख्यकों के कल्याण, उत्थान, उनकी समृद्वि का माध्यम बन सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, प्रदेश महामंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा शाहिद ख़ान, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रेम साहू, कुलदीप कत्याल, लोकेश श्रीवास्तव, राजेश दसोड़े, अकबर तिगाला, ताराचंद जैन, अरुण साहू, कासिम कुरैशी, श्याम जायसवाल, दमनदीप सिंह, संजय साहू, जावेद तिगाला, सलीम तिगाला, ताहिर ताज, फिरोज कुरैशी, रौनक कत्याल, प्रवीण सारडा, असरार अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## स्वतंत्रता दिवस मनाने हुई संयुक्त बैठक

- स्कूल-कॉलेज के प्राचार्य और जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा, बनाया रूट चार्ट

**जामगांव आर।** स्वतंत्रता दिवस सहभागिता एवं भाईचारा के साथ मनाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने जामगांव आर के शासकीय कालेज, सेजस, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला पुलिस उपतहसील आरक्षी केंद्र विजन स्कूल, विद्युत विभाग बैंक सहित सभी संस्थाओं की संयुक्त बैठक में विचार मंथन कर शुक्रवार को योजना बद्ध रूट चार्ट तैयार किया। इस बीच पंचायत प्रतिनिधियों ने शासकीय प्राथमिक शाला में रक्षा बंधन पर्व मनाया। सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि जामगांव आर में सेवा रत सभी संस्थाएं विद्यार्थियों की उपस्थिति में ही ध्वजारोहण करे। मात्र अपने विभाग के चंद लोग एकत्र होकर ध्वजारोहण संपादित न करें। सरपंच ने कहा कि ध्वजारोहण में देश के भावी नागरिक विद्यार्थियों की भागीदारी उनमें देश प्रेम की धारा प्रवाहित करेगी, जो सतत चलती रहेगी। विजन स्कूल अपने समीप के संस्थाओं में ध्वजारोहण कराएंगे। सेजस एवं शासकीय प्राथमिक शाला विगत वर्षों की तरह शेष सभी संस्थाओं में ध्वजारोहण संपन्न कराएंगे। थानेदार लहरे ने कहा कि संस्थाएं सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाए। सुरक्षा एवं सुव्यवस्था की दृष्टि से नई तकनीक की भूमिका सबके के लिए फायदे मंद है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि विद्यालय में कैमरे लगे हुए हैं। प्राचार्य ने बताया कि पुलिस आरक्षी केंद्र, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक कैमरा युक्त, पशुचिकिसालय एवं समीप आंगनबाड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी ध्वजारोहण संपन्न कराएंगे। बैठक में उपसरपंच मुकेश कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक कॉलेज रजनीश तिवारी, पशु चिकित्सक डॉ बी मुखोपाध्याय, सशिमं प्राचार्य पूरन लाल बारले, सेजस जामगांव आर एमन कुमार पाटकर, जे ई विद्युत विभाग ऋचा साहू, विजन पब्लिक स्कूल बीना वर्मा, थाना प्रभारी फागु राम लहरे, हेमपुष्पा ठाकुर, रमेश कुमार साहू, फगनी निर्मलकर, दीपिका जगनायक, मोहनी मस्के, पंच सुनील कुमार चंद्राकर, सचिव नरेश कुमार महतो की उपस्थिति रहीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




